# बिहार सामयिकी

# (CURRENT AFFAIRS)

Useful for BPSC and all other Bihar State Exams

# मई 2022



- 3 मई 2022 को राज्यपाल फागू चौहान तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में इस्कॉन मंदिर जो कि भगवान कृष्ण को समर्पित है का लोकार्पण किया।

- 23 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से खरीफ महाभियान, 2022 की शुरुआत की। इसके तहत 59 रथों के जरिए बीज और बागवानी को लेकर किसानों को जागरूक किया गया। सरकार इसमें 90% तक अनुदान दे रही है।

- हाल ही में जारी राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार बिहार में लिंगानुपात 1092 हो गया है।
- हिमाचल प्रदेश में स्थापित देश की पहली ई-विधान प्रणाली को बिहार में भी लागू किया जाएगा

# मई 2022



- सीतामढ़ी जिले में स्थित बागमती की सहायक लखनदेयी नदी की पुरानी धारा चार दशकों बाद फिर से पुनर्जीवित हो गई है।

- 21-22 मई को बिहार पर्यटन विभाग द्वारा फजलगंज स्टेडियम रोहतास- सासाराम में शेरशाह सुरी महोत्सव का आयोजन किया गया।

- हाल ही में बिहार के नवादा तथा कैमूर जिले में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाए जाने की मंजूरी दी गई है।

- हाल ही में दरभंगा एयरपोर्ट मैथिली भाषा में उद्धघोषण करने वाला भारत का पहला एयरपोर्ट बन गया है।

# मई 2022

❖ बिहार के पूर्वी चंपारण में स्थित बापूधाम मोतिहारी स्टेशन को ग्रीन स्टेशन की रेटिंग में गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया गया।

❖ बिहार में भोजपुरी का पहला ओटीटी ऐप लॉन्च किया गया है जिसे चौपाल' नाम दिया गया है।

❖ बंगाल की खाड़ी में आये चक्रवाती तूफान 'आसानी के कारण बिहार के 18 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया था।

❖ बिहार के सरकारी प्रारंभिक स्कूलों में पढ़ने वाले राज्यभर के छात्र-छात्राओं के लिए पहली बार स्कूल रेडिनेस का विशेष अभियान चहक 2.0 चलाया जाएगा।

# अप्रैल 2022

Khan Sir Official

- राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से जारी घोषणा के अनुसार बिहार के चार जिलों मुजफ्फरपुर, शिवहर, बेगूसराय और शेखपुरा को धूम्रपान मुक्त घोषित किया गया है।

- थावे महोत्सव (10 से 11 अप्रैल 2022) कहाँ आयोजित किया गया - गोपालगंज

- बाबा केवल धाम राजकीय मेला (10 अप्रैल) कहाँ आयोजित किया गया - समस्तीपुर

- वर्ष 2022 में महान सम्राट अशोक की जयंती पूरे बिहार में कब मनाई गई - 9 अप्रैल

⟶ इस अवसर पर बिहार सरकार ने महान् सम्राट अशोक की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा की।

# अप्रैल 2022



❖ 4 अप्रैल 2022 को बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार मध निषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 को अधिसूचित किया गया। यह नियमावली किसको संशोधित करके लाई गई है - बिहार मध निषेध और उत्पाद नियमावली 2021

नोट- बिहार में 05 अप्रैल 2016 से पूर्ण मद्यनिषेध लागू है। इसके कार्यान्वयन हेतु 02 अक्टूबर 2016 से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम 2016 लागू किया गया था। फिर इस अधिनियम में 2018 एवं 2020 में संशोधन किया गया।

❖ बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) अधिनियम 2022 कब से प्रभावी है - 1 अप्रैल 2022 से

❖ चर्चा में रहे मुण्डेश्वरी मंदिर (कैमूर) किस पहाड़ी पर स्थित है- पंवरा पहाड़ी

# अप्रैल 2022

Khan Sir Official

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने नई दिल्ली से संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जयनगर (मधुबनी) और जनकपुर (नेपाल) के बीच 8 वर्षों के बाद ट्रेन के परिचालन शुरू किया।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखंड के असुरारी हवासपुर में 550 करोड़ रुपये से निर्मित पेप्सी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया. इस तरह का उद्योग बिहार में पहली बार लगा है।

- 23 अप्रैल 2022 को भोजपुर के जगदीशपुर में दुलारा मैदान में बाबू कुंवर सिंह विजयोत्सव का आयोजन किया गया। इस विजयोत्सव में एक साथ 78 हजार ध्वजारोहण कर सर्वाधिक संख्या में ध्वज फहराने का कीर्तिमान बनाया गया।

# अप्रैल 2022

Khan Sir Official

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया के परोरा में 105 करोड़ की लागत से Ethanol प्लांट का उद्घाटन किया केंद्र और राज्य की इथेनॉल पॉलिसी 2021 के बाद यह पहला प्लांट बना है।

- बिहार के दरभंगा जिले में पटना के बाद राज्य का दूसरा तारामंडल 88 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो गया है।

- मिशन इंद्रधनुष 4.0 अभियान के दूसरे चरण में अररिया जिले ने शानदार उपलब्धि हासिल की। शत प्रतिशत उपलब्धियों के साथ जारी राज्यस्तरीय रैंकिंग में अररिया को पहला स्थान मिला।

# मार्च 2022.



❖ बिहार के 110वें स्थापना दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में पहली बार 500 ड्रोन की मदद से भव्य ड्रोन लाइट शो का आयोजन किया गया।

❖ बिहार दिवस (22 मार्च) के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया
- जल जीवन हरियाली मिशन पर लघु फिल्म प्रस्तुत की गई।
- नशा मुक्ति व दहेज प्रथा उन्मूलन पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।
- थीम - जल जीवन हरियाली

# मार्च 2022.



- डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर 640 करोड़ की लागत से पटना में विश्वस्तरीय साइंस सिटी का निर्माण किया जा रहा है।

- बोधगया में माया सरोवर के नजदीक महाबोधि कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

- नशामुक्त बिहार के लिए हाफ मैराथन का आयोजन पटना में किया गया। हाफ मैराथन की 21 किलोमीटर दौड़ में उत्तरप्रदेश के जालौन जिले के 70 वर्षीय चेतराम ने जीत हासिल की।

- बिहार में जितने भी एक्सप्रेस वे के निर्माण को मंजूरी मिली है वे सभी दूसरे राज्यों से होकर गुजरती है, पर औरंगाबाद से जयनगर एक्सप्रेस-वे पहला होगा, जो बिहार के 7 जिलों को जोड़ेगा।

## फरवरी 2022



- लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत जनहित के कार्य करने में पटना जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है। समस्तीपुर और खगड़िया जिला क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

- बिहार सरकार गोवर्धन योजना के तहत किसानों और पशुपालकों से गाय का गोबर एक निश्चित मूल्य पर खरीदेगी सरकार खरीदे गए गोबर से मीथेन गैस बनाएगी और इसकी आपूर्ति गांवों में की जाएगी, ग्रामीण इसका उपयोग रोशनी के लिए करेंगे।

GOBAR धन

- भारत की पहली आवासीय स्पोर्टर्स अकेडमी पटना में स्थापित की गई।

# फरवरी 2022



- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की कि 15 फरवरी को अब "शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर शहर में 1932 में पुलिस द्वारा मारे गए 34 स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 15 फरवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा।
- बिहार के पूर्व चंपारण जिले में दुनिया का सबसे ऊंचा रामायण मंदिर बनने जा रहा है। 125 एकड़ में इस भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा।
- पीएम MITRA योजना के तहत बिहार का पहला टेक्सटाइल पार्क भागलपुर में स्थापित किया जाएगा। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत इसका निर्माण किया जाएगा। इसमें बिहार सरकार को 51 फीसदी और 49 फीसदी राशि केन्द्र सरकार को खर्च वहन करना है। पार्क के खुले जाने से एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

# फरवरी 2022

Khan Sir Official

- बिहार के CM नीतीश कुमार ने बेगूसराय को मुंगेर से जोड़ने वाले गंगा पर लंबे समय से लंबित रेल सह सड़क पुल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए इस नए पुल का नाम श्रीकृष्ण सेतु रखा गया है जो बिहार के पहले मुख्यमंत्री के नाम पर है।
- मां जानकी के जन्मस्थान सीतामढ़ी के पुनौरा धाम के विकास को 36 करोड़ 86 लाख की योजना को पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना में शामिल कर लिया गया है।
- मैथिली की प्रख्यात साहित्यकार लिली रे का निधन हो गया है। मैथिली साहित्य के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें वर्ष 1982 में मैथिली उपन्यास 'मरीचिका के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

- राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग को पुनर्गठित करते हुए पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार को 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- बिहार के दरभंगा जिले में राज्य का पहला तैरता हुआ सोलर बिजली प्लांट शुरू किया गया है। यह तैरता पावर प्लांट दरभंगा जिले के कादिराबाद मोहल्ले के एक तालाब में बनाया गया है। यह प्रोजेक्ट नीचे मछली ऊपर बिजली के कॉन्सेप्ट पर आधारित है। बिहार के पहले फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट से 1.6 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा।
- दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के चौथे स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य सचिव बिहार आमिर सुबहानी ने महिलाओं को सौगात देते हुए कहा कि गांवों के विकास में बैंकों का योगदान महत्वपूर्ण है। बैंक के द्वारा ई-नारी शक्ति ऋण योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपये तक कर्ज दिया जाएगा। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंटेशन फीस नहीं ली जाएगी।

Khan Sir Official

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बिहार में वाल्मीकिनगर के बाद कैमूर में दूसरा टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक तौर पर सहमति दे दी है।
  - कैमूर की पहाड़ी पर काफी पहले बाघ और तेंदुआ जैसे जानवर देखे जाते थे।
  - वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में 2018 के आकलन के अनुसार बाघों की संख्या 31 है।

- बिहार के बेतिया के रहने वाले 14 वर्षीय धीरज कुमार और छपरा के 8 साल के पल साक्षी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।

- बोधगया के महाबोधि कन्वेंशन सेंटर परिसर में राज्य का पहला बंबू गार्डन का निर्माण किया जाएगा।


Thank you!